# माता-पिता के अधिकार: परिवारों के लिए प्रारंभिक शुरुआत संबंधी गाइड (संशोधित 2026)

इस दस्तावेज़ में कानूनों और विनियमों के संदर्भ शामिल हैं, लेकिन इसमें आपके केस पर लागू होने वाले सभी संदर्भ सूचीबद्ध नहीं हो सकते हैं।

- CFR का अर्थ है संघीय विनियम संहिता।
- GC का अर्थ है अर्ली स्टार्ट (प्रारंभिक शुरुआत) को नियंत्रित करने वाला राज्य कानून, जिसे सरकारी कोड कहा जाता है।
- CCR का अर्थ है कैलिफोर्निया कोड ऑफ़ रेगुलेशंस।

अगर आपके मन में अर्ली स्टार्ट (प्रारंभिक शुरुआत) प्रोग्राम में अभिभावक के रूप में आपके अधिकारों के बारे में कोई प्रश्न हैं, तो कृपया अपने क्षेत्रीय केंद्र या स्थानीय शैक्षिक एजेंसी (LEA) से संपर्क करें।

## सूचित सहमति

अर्ली स्टार्ट (प्रारंभिक शुरुआत) से आपके बच्चे को कोई भी परीक्षण या सेवा प्राप्त करने से पहले आपको लिखित अनुमति देनी होगी। इस प्रोग्राम को आपके या आपके बच्चे के बारे में जानकारी शेयर करने के लिए आपकी अनुमति की आवश्यकता होगी। इसे सूचित सहमति कहा जाता है। [34 CFR 303.7, 34 CFR 303.420]

- आपको घर पर बोली जाने वाली भाषा में सभी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है। [34 CFR 303.7 ]
- आपको निम्नलिखित के लिए लिखित अनुमति देनी होगी:
  - कोई भी परीक्षण या मूल्यांकन। [34 CFR 303.420(a), 17 CCR 52162(a)]
  - किसी भी अर्ली स्टार्ट (प्रारंभिक शुरुआत) सेवा को शुरू करना। [34 CFR 303.420(a), 17 CCR 52162(a)]
  - अपने बच्चे की निजी जानकारी दूसरों के साथ शेयर करना। [34 CFR 303.414, 17 CCR 52162(B), 17 CCR 52169]
  - अगर आपके मेडिकल बीमे का उपयोग करने से आपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं या आपके लाभ कम हो सकते हैं, तो इसका उपयोग न करना। [17 CCR 52162(d)]
- आप लिखित रूप में किसी भी समय सेवाओं या परीक्षण को रोकने की अपनी अनुमति वापस ले सकते हैं। [34 CFR 303.7(c), 34 CFR 303.420(b), 17 CCR 52162(c)]

## गोपनीयता और रिकॉर्डों तक पहुँच

आप अपने बच्चे और परिवार के बारे में जो भी जानकारी देते हैं, वह गोपनीय और सुरक्षित रहती है। केवल वही लोग जो सीधे तौर पर आपके बच्चे की मदद कर रहे हैं, इस जानकारी को देख सकते हैं। [34 CFR 303.29, 17 CCR 52160(a)]

- आपको अपने बच्चे के रिकॉर्ड देखने और उनकी कापियाँ प्राप्त करने का अधिकार है। [34 CFR 303.405]
- आप अनुरोध करने के पांच कामकाजी दिनों के भीतर अपने रिकॉर्ड की कॉपियाँ या स्पष्टीकरण प्राप्त कर सकते हैं। [17 CCR 52164(b)]
- आप प्रोग्राम से अपने बच्चे के रिकॉर्ड में गलत जानकारी को ठीक करने या हटाने के लिए कह सकते हैं। [17 CCR 52168]
- अगर प्रोग्राम किसी रिकॉर्ड को ठीक नहीं कर पाता है, तो आप इस पर चर्चा करने के लिए निदेशक से मिलने का अनुरोध कर सकते हैं। [17 CCR 52168(c)]
- प्रोग्राम को आपको यह समझाना होगा कि वे आपके परिवार के रिकॉर्ड को कैसे सुरक्षित और गोपनीय रखते हैं। [34 CFR 303.404, 34 CFR 303.420, 17 CCR 52162, 17 CCR 52165, 17 CCR 52169]

## मूल्यांकन और आकलन

विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा परीक्षण (जिसे मूल्यांकन या आकलन कहा जाता है) किया जाता है ताकि यह देखा

- आपको अपने सभी अधिकारों की जानकारी दी जानी ज़रूरी है। [34 CFR 303.421, GC 95020(c), 17 CCR 52161]

जा सके कि आपका बच्चा अर्ली स्टार्ट (प्रारंभिक शुरुआत) प्रोग्राम के लिए योग्य है या नहीं। [GC 95014, 17 CCR 52022]

- किसी भी परीक्षण के शुरू होने से पहले आपको लिखित अनुमति दी जानी ज़रूरी है। [34 CFR 303.420, 17 CCR 52162]
- आपको पात्रता संबंधी परीक्षण प्रक्रिया और चर्चा में भाग लेने का अधिकार है। [34 CFR 303.7, 34 CFR 303.321, 34 CFR 303.420, GC 95020, 17 CCR 52040(d), 17 CCR 52082, 17 CCR 52084]
- अर्ली स्टार्ट (प्रारंभिक शुरुआत) प्रोग्राम में रेफ़रल की तारीख से 45 दिनों के भीतर मूल्यांकन पूरा किया जाना ज़रूरी है। [34 CFR 303.310, 17 CCR 52086(a)]
- आपको परिणामों की लिखित कॉपी प्राप्त करने का अधिकार है। [34 CFR 303.310, 17 CCR 52086(a)]
- परीक्षण इस प्रकार होना ज़रूरी है:
  1. जहाँ तक संभव हो, घर में बोली जाने वाली भाषा में किया जाए। [34 CFR 303.321(a)(6), 17 CCR 52084(d)(4)]
  2. निष्पक्ष रहें और किसी के साथ उसकी जाति या संस्कृति के आधार पर भेदभाव न करें। [34 CFR 303.321(a)(4), 17 CCR 52082(g)]
  3. योग्य पेशेवरों द्वारा किया जाए। [34 CFR 303.321, 17 CCR 52082, 17 CCR 52084]
  4. यह एक टीम का निर्णय होना। पात्रता केवल एक परीक्षा पर आधारित नहीं होती है। [34 CFR 303.321, 17 CCR 52082]
  5. पूरा होना। टीम विकास के सभी क्षेत्रों (सोचने, चलने-फिरने, बोलने, समझने, आत्म-सहायता कौशल और सामाजिक-भावनात्मक कौशल) का परीक्षण करेगी।[GC 95014, 17 CCR 52022]
- जांच ऐसे स्थान पर की जानी चाहिए जहाँ शिशु और छोटे बच्चे सामान्यतः समय बिताते हों और जो आरामदायक हो, जैसे घर, पार्क, डेकेयर सेंटर आदि।[17 CCR 52082(j), 17 CCR 52084(e)]
- आप अपने परिवार के संसाधनों, ज़रूरतों और चिंताओं के बारे में इंटरव्यू में भाग लेने का विकल्प चुन सकते हैं।[34 CFR 303.321, 17 CCR 52084, 17 CCR 52106]

## व्यक्तिगत परिवार सेवा योजना (INDIVIDUALIZED FAMILY SERVICE PLAN, IFSP)

अगर आपका बच्चा अर्ली स्टार्ट (प्रारंभिक शुरुआत) प्रोग्राम के लिए पात्र है, तो टीम एक व्यक्तिगत पारिवारिक सेवा योजना (IFSP) तैयार करती है। यह एक लिखित योजना है जिसमें आपके बच्चे और परिवार से संबंधित चिंताओं, लक्ष्यों और सेवाओं का विस्तृत विवरण दिया गया है।[17 CCR 52100]

- आपके बच्चे के रेफ़रल के 45 दिनों के भीतर पहली IFSP मीटिंग की जानी ज़रूरी है।[34 CFR 303.20, 34 CFR 303.342, GC 95020(b), 17 CCR 52102]
- IFSP की समीक्षा हर 6 महीने में की जानी और इसे साल में कम से कम एक बार अपडेट किया जाना ज़रूरी है।[34 CFR 303.342, 17 CCR 52102]

अभिभावकों के लिए IFSP की मीटिंगें:

- आपको अपने लिए सुविधाजनक समय और स्थान पर, और घर पर बोली जाने वाली भाषा में मीटिंग करने का अधिकार है।[34 CFR 303.342, 17 CCR 52102]
- मीटिंग से *पहले* आपको लिखित सूचना प्राप्त होनी ज़रूरी है।[34 CFR 303.342, 17 CCR 52102]
- आप मीटिंग में परिवार के सदस्यों या किसी वकील सहित किसी को भी आमंत्रित कर सकते हैं।[34 CFR 303.343, 17 CCR 52104]

IFSP दस्तावेज़ों के लिए, अभिभावक के रूप में:

- आपको घर पर इस्तेमाल होने वाली भाषा में IFSP की एक निःशुल्क कॉपी मिलेगी।[34 CFR 303.25, 34 CFR 303.409, 17 CCR 52102]
- योजना में शामिल प्रत्येक सेवा के लिए आपको लिखित अनुमति देनी होगी। आप कुछ सेवाओं के लिए हाँ कह सकते हैं और कुछ के लिए ना। एक सेवा को अस्वीकार करने से आपके बच्चे को अन्य सेवाएँ मिलने से नहीं रोका जा सकता।[34 CFR 303.342, 34 CFR 303.420, 17 CCR 52102]
- सेवाएँ आपके बच्चे के "प्राकृतिक वातावरण" (जैसे घर या डेकेयर सेंटर) में प्रदान की जानी चाहिए। अगर नहीं, तो प्रोग्राम को लिखित रूप में कारण स्पष्ट करना होगा।[34 CFR 303.13, 34 CFR 303.344, 17 CCR 52106]
- आपके बच्चे की पात्रता, परीक्षण या सेवाओं में बदलाव का प्रस्ताव देने या अस्वीकार करने से पहले प्रोग्राम को आपको लिखित सूचना भेजनी होगी। इस नोटिस में यह स्पष्ट होना चाहिए कि वे क्या करना चाहते हैं, क्यों करना चाहते हैं और आप कैसे असहमति व्यक्त कर सकते हैं।[34 CFR 303.421, 17 CCR 52161]

**मध्यस्थता कांफ्रेंस, उचित प्रक्रिया संबंधी सुनवाई और राज्य की शिकायतें**

अगर आप अपने बच्चे की पात्रता, परीक्षण या सेवाओं के बारे में असहमत हैं, तो आपको मध्यस्थता, उचित प्रक्रिया संबंधी सुनवाई और राज्य के खिलाफ़ शिकायत करने का अधिकार है। अर्ली स्टार्ट (प्रारंभिक शुरुआत) प्रोग्राम को आपको इन विकल्पों के बारे में सूचित करना होगा। [34 CFR 303.432, 17 CCR 52170]

| **मध्यस्थता** | |
|---|---|
| यह एक स्वैच्छिक, अनौपचारिक और गोपनीय मीटिंग है जिसमें एक तटस्थ व्यक्ति (मध्यस्थ) आपकी और अर्ली स्टार्ट (प्रारंभिक शुरुआत) प्रोग्राम की मदद करने और एक समझौते पर पहुंचने का प्रयास करने के लिए उपस्थित होगा। आप किसी विवाद के समाधान के लिए पहले विकल्प के रूप में या उचित प्रक्रिया संबंधी सुनवाई या शिकायत प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय मध्यस्थता का अनुरोध कर सकते हैं।[34 CFR 303.431, 17 CCR 52173] | ▪ आप अपनी सुविधानुसार समय और स्थान पर मध्यस्थता का अनुरोध कर सकते हैं। [34 CFR 303.431, 17 CCR 52172]<br>▪ अगर आप मध्यस्थता में भाग नहीं लेना चाहते हैं तो आप इसके लिए मना कर सकते हैं।[34 CFR 303.431, 17 CCR 52173]<br>▪ ये चर्चाएँ गोपनीय हैं और भविष्य की सुनवाई में इनका उपयोग नहीं किया जा सकता है।[34 CFR 303.431, 17 CCR 52173(j)]<br>▪ आप अपने साथ किसी अन्य व्यक्ति या वकील को मीटिंग में ला सकते हैं। [17 CCR 52173(h)]<br>▪ अगर आप किसी समझौते पर पहुँचते हैं, तो उसे लिखित रूप में रखा जाएगा। [34 CFR 303.431, 17 CCR 52173(i)] |

| **उचित प्रक्रिया संबंधी सुनवाई** | |
|---|---|
| यह विवाद के समाधान के लिए एक औपचारिक, कानूनी सुनवाई है।[34 CFR 303.430, 17 CCR 52172] | ▪ अगर आप अपने बच्चे की पात्रता या सेवाओं के बारे में असहमत हैं तो आप सुनवाई का अनुरोध कर सकते हैं।[17 CCR 52172(a)]<br>▪ सुनवाई के दौरान, आपका बच्चा अपने IFSP में शामिल सेवाएँ प्राप्त करना जारी रखेगा (जब तक कि आप और प्रोग्राम किसी बदलाव पर सहमत न हों या आपका बच्चा 3 वर्ष |

की आयु में प्रोग्राम से बाहर न निकल जाए)।[34 CFR 303.209, 17 CCR 52172(g)]

- आपके अनुरोध के 30 दिनों के भीतर अंतिम निर्णय लिया जाना ज़रूरी है। [34 CFR 303.437(b), 17 CCR 52172(e)]

## राज्य की शिकायत

अगर आपको लगता है कि प्रोग्राम ने किसी राज्य या संघीय कानून का उल्लंघन किया है, तो आप कैलिफोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ डेवलपमेंटल सर्विसेज (DDS) में औपचारिक, लिखित शिकायत दर्ज कर सकते हैं, साथ ही पात्रता या सेवाओं से वंचित किए जाने जैसी समस्याओं के समाधान के लिए भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं।[17 CCR 52170]

- शिकायत लिखित रूप में होनी और उस पर हस्ताक्षर किए जाने ज़रूरी हैं। समस्या का विस्तृत वर्णन किया जाना ज़रूरी है।[34 CFR 303.434, 17 CCR 52170]
- आपकी शिकायत में आपकी संपर्क जानकारी अवश्य शामिल होनी चाहिए। [17 CCR 52170(g)]; बच्चे का नाम और पता [34 CFR 303.434]; क्षेत्रीय केंद्र, LEA या सेवा प्रदाता का नाम [17 CCR 52170(g)]; और आपके विचार से इस समस्या का समाधान कैसे होना चाहिए। [34 CFR 303.434]
- आपको इसकी एक प्रति उस एजेंसी को भेजनी होगी जिसके खिलाफ़ आप शिकायत कर रहे हैं।[34 CFR 303.434, 17 CCR 52170(g)]
- DDS को जांच करनी होगी और 60 दिनों के भीतर आपको अंतिम लिखित निर्णय देना होगा।[34 CFR 303.433, 17 CCR 52171(a)]
- अगर DDS को पता चलता है कि एजेंसी गलत थी, तो वह सुधारात्मक कार्रवाई का आदेश देगी। इसमें एजेंसी को सेवाएँ प्रदान करने के लिए बाध्य करना या आपके द्वारा भुगतान की गई सेवाओं के लिए आपको पैसे वापस करना शामिल हो सकता है। [17 CCR 52171]

अभिभावक के रूप में, शिकायत प्रक्रिया के दौरान:

- आप अपनी शिकायत लिखने में सेवा समन्वयक या किसी सहायता समूह (जैसे कि स्टेट काउंसिल ऑन डेवलपमेंटल डिसएबिलिटीज या डिसएबिलिटी राइट्स कैलिफोर्निया) से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।[17 CCR 52170]
- आपके बच्चे की जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।[17 CCR 52169]
- आप जांच के दौरान DDS को अतिरिक्त जानकारी सबमिट (पेश) कर सकते हैं। [34 CFR 303.433, 17 CCR 52171(a)]
- DDS को आपकी शिकायत मिलने के 60 दिनों के भीतर आपको अंतिम लिखित निर्णय प्राप्त होना ज़रूरी है।[34 CFR 303.433, 17 CCR 52171(a)]
- अगर कोई एजेंसी उचित प्रक्रिया सुनवाई के अंतिम निर्णय का पालन नहीं करती है तो आपको शिकायत दर्ज करने का भी अधिकार है।[34 CFR 303.433, 17 CCR 52171(e)]

मध्यस्थता या उचित प्रक्रिया सुनवाई के लिए अपना अनुरोध निम्नलिखित पते पर भेजें:

Office of Administrative Hearings
Attention: Early Start Intervention Section
2349 Gateway Oaks Drive, Suite 200
Sacramento, CA 95833-4231
फ़ोन: (916) 263-0654
फैक्स: (916) 376-6318

अपनी हस्ताक्षरित शिकायत निम्नलिखित पते पर भेजें:

Department of Developmental Services
Attention: Community Appeals and Resolutions Branch
1215 O Street, MS 8-20
Sacramento, CA 95814
फ़ोन: (833) 538-3723
फैक्स: (916) 654-3641
ईमेल: appeals@dds.ca.gov

अभिभावकों के अधिकारों और लागू होने वाले नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी यहाँ मिल सकती है:

अर्ली स्टार्ट (प्रारंभिक शुरुआत) के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया अर्ली स्टार्ट (प्रारंभिक शुरुआत) बेबी लाइन से 800–515–BABY (800-515-2229) पर संपर्क करें या earlystart@dds.ca.gov पर ईमेल भेजें।